राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल को भाजपा ने ई ज्ञापन दिया

राज्यपाल ने ज्ञापन को अपने पत्र के साथ मुख्यमंत्री को भेजा और कहा 'मुख्यमंत्री से चर्चा भी करूगा'

सभी लोग सामूहिक तरीके से प्रभावी रूप से कार्य करें —राज्यपाल

जयपुर, 06 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में सभी लोगों को सामूहिक तरीके से प्रभावी रूप से आमजन की सुविधा के लिए कार्य करना होगा। राज्यपाल ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि यह संकट का समय है। सभी को इस वैश्विक महामारी से लडने के लिए एकजुट होना होगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के सभी लोग स्वस्थ रहे। आप लोग जनहित के कार्य करे। जनता की सेवा करे। लॉक डाउन का यह महत्वपूर्ण फेज है, इसके नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें और लोगों से नियमों के पालन करने के लिए आग्रह करें।

राज्यपाल श्री मिश्र को भाजपा ने ई—ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कोरोना संक्रमण काल में उत्पन्न स्थिति तथा जनहित के विषयों के संदर्भ में लोगों की मदद के प्रयास कराने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने कहा कि ज्ञापन में दिये गये बिन्दुओं पर वे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से चर्चा करेंगे। राज्यपाल ने इस ई—ज्ञापन को आवश्यक कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को तत्काल रूप से प्रेषित कराया।

राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं कोविड—19 महामारी के बारे में चिंतित है। उन्होंने कहा कि वे लगातार मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसदगण व विधायकगण से दूरभाष पर चर्चा कर रहे हैं। राज्य के प्रत्येक जिले के जिला कलक्टर से भी लगातार जानकारी ले रहें हैं। श्री मिश्र ने कहा कि उनका प्रयास है कि राज्य में किसी व्यक्ति को परेशानी न हो, भय का माहौल न रहे, प्रवासियों और किसानों की भी समस्याओं का तुरन्त निदान हो ताकि प्रदेश में खुशहाली का वातावरण बन सके।

केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कैलाश चौधरी, राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री गुलाबचंद कटारिया, प्रतिपक्ष उपनेता श्री राजेन्द्र राठौड, और भाजपा के अध्यक्ष एव विधायक श्री सतीश पूनिया ने कोरोना संक्रमण काल से उत्पन्न स्थिति में जनहित के अनेक विषयों पर वीडियो कांफेन्स के माध्यम से राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का ध्यान आकर्षित करवाया। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी मौजूद थे।

—

राज्यपाल ने बुद्ध पूर्णिमा पर शुभकामनाएं दी

जयपुर, 06 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रेम, करूणा और सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति भगवान बुद्ध ने पीड़ित मानवता का मध्यम मार्ग दिखाकर एक नई अवधारणा दी।

राज्यपाल ने कहा कि बुद्ध के उपदेश और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उन्हें अपने जीवन में उतार कर हम जीवन को सुखमय बना सकते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि सर्वकल्याण और सहिष्णु समाज की स्थापना के लिए यह जरूरी है कि हम बुद्ध के उपदेशों को अपने व्यवहार में लायें।

राज्यपाल ने कहा है कि इस बार इन पर्वो को अपने घरों पर रह कर ही मनाना है। कोरोना वैश्विक महामारी पर जीत पाने के लिए हमें लॉक डाउन का पालन करना है। सोशल डिस्टेन्स बनाकर रखनी है और मास्क का उपयोग करना है। श्री मिश्र ने इस पर्व पर प्रदेश को कोरोना से मुक्ति मिलने और खुशहाली की कामना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल